GREATER NOIDA

दैनिक जागरण

18.12.2021

छात्रों को निश्शुल्क मिलेगा प्रशिक्षण

जासं, ग्रेटर नोएडा: युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के द्वारा हुनर से रोजगार योजना का संचालन किया जाता है। नालेज पार्क स्थित एफएचआरआइ इंस्टीट्यूट में छात्रों को योजना का लाभ मिलेगा। आयोजित प्रेसवार्ता में कालेज के डायरेक्टर एके सिंह ने बताया कि विभिन्न कोर्स के साथ ही भारत सरकार के हुनर से रोजगार कोर्स का भी संचालन किया जा रहा है। जिसमें छात्रों को किचन, हाउस कीपिंग व अन्य कोर्स का तीन माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सभी प्रकार से निश्शुल्क होगा। कोर्स के लिए छात्रों को कक्षा आठ पास होना आवश्यक है। कोर्स करने

एफएचआरएआइ इंस्टीट्यूट में पत्रकारों से बातचीत करते दाएं से एफएच एंड आरए के सेक्रेटरी जनरल जेशन चाको, साथ हैं डायरेक्टर एके सिंह • जागरण

के बाद छात्रों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित द फैडरेशन आफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन आफ इंडिया के सेकेट्री जनरल जेसन चाको ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा।